SATISH SCIENCE ACADEMY

DHANORI PUNE-411015

# HINDI B

## Class 10 - हिंदी ब

**Time Allowed: 3 hours** **Maximum Marks: 80**

**General Instructions:**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गदयांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

### खंड क - अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** [7]

महँगाई या मूल्य वृद्धि से आज समस्त विश्व त्रस्त है। भारत बढ़ती महँगाई की चपेट में बुरी तरह से जकड़ा हुआ है। जीवनोपयोगी वस्तुओं के दाम दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं, जिससे जन साधारण को अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। महँगाई से देश के आर्थिक ढाँचे पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। महँगाई के निर्मम चरण अनवरत रूप से अग्रसर हैं, पता नहीं वे कब, कहाँ रुकेंगे? आज कोई भी वस्तु बाज़ार में सस्ते दामों पर उपलब्ध नहीं है। समाज का प्रत्येक वर्ग महँगाई की मार को अनाहूत अतिथि की तरह सहन कर रहा है, इसका सर्वग्राही प्रभाव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र पर पड़ रहा है। सरकारी योजनाओं पर अत्यधिक खर्च हो रहा है। अपने स्वार्थ के लिए लोगों में धार्मिक, सामाजिक तथा नैतिक मान्यताएँ पीछे छूट जाती हैं और भ्रष्टाचार का बोलबाला हो जाता है। अर्थशास्त्र की मान्यता है कि यदि किसी वस्तु की माँग उत्पादन से अधिक हो, तो मूल्यों में स्वाभाविक रूप से वृद्धि हो जाती है।

1. विश्व की सबसे बड़ी समस्या क्या है? (1)
   (क) भ्रष्टाचार
   (ख) वस्तु की माँग
   (ग) उत्पादन
   (घ) महँगाई
2. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
   **कथन (A):** भारत में बढ़ती महँगाई से जन साधारण को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।
   **कारण (R):** महँगाई तब बढ़ती है, जब किसी वस्तु की माँग उत्पादन से अधिक हो जाती है।
   **विकल्प:**
   (क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
   (ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
   (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
   (घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
3. **माँग** का विपरीत शब्द लिखिए। (1)
   (क) देना

SATISH SCIENCE ACADEMY

(ख) बाँटना

(ग) पूर्ति

(घ) प्रदान करना

4. स्वार्थ का लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता है? (2)
5. अर्थशास्त्र की मान्यता क्या है? (2)

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[7]**

संस्कृतियों के निर्माण में एक सीमा तक देश और जाति का योगदान रहता है। संस्कृति के मूल उपादान तो प्रायः सभी सुसंस्कृत और सभ्य देशों में एक सीमा तक समान रहते हैं, किंतु बाह्य उपादानों में अंतर अवश्य आता है। राष्ट्रीय या जातीय संस्कृति का सबसे बड़ा योगदान यही है कि वह हमें अपने राष्ट्र की परंपरा से संपृक्त बनाती है, अपनी रीति-नीति की संपदा से विच्छिन्न नहीं होने देती। आज के युग में राष्ट्रीय एवं जातीय संस्कृतियों के मिलन के अवसर अति सुलभ हो गए हैं, संस्कृतियों का पारस्परिक संघर्ष भी शुरू हो गया है। कुछ ऐसे विदेशी प्रभाव हमारे देश पर पड़ रहे हैं, जिनके आतंक ने हमें स्वयं अपनी संस्कृति के प्रति संशयालु बना दिया है। हमारी आस्था डिगने लगी है। यह हमारी वैचारिक दुर्बलता का फल है।

अपनी संस्कृति को छोड़, विदेशी संस्कृति के विवेकहीन अनुकरण से हमारे राष्ट्रीय गौरव को जो ठेस पहुँच रही है, वह किसी राष्ट्रप्रेमी जागरूक व्यक्ति से छिपी नहीं है। भारतीय संस्कृति में त्याग और ग्रहण की अद्भुत क्षमता रही है। अत: आज के वैज्ञानिक युग में हम किसी भी विदेशी संस्कृति के जीवंत तत्वों को ग्रहण करने में पीछे नहीं रहना चाहेंगे, किंतु अपनी सांस्कृतिक निधि की उपेक्षा करके नहीं। यह परावलंबन राष्ट्र की गरिमा के अनुरूप नहीं है। यह स्मरण रखना चाहिए कि सूर्य की आलोकप्रदायिनी किरणों से पौधे को चाहे जितनी जीवनशक्ति मिले, किंतु अपनी जमीन और अपनी जड़ों के बिना कोई पौधा जीवित नहीं रह सकता। अविवेकी अनुकरण अज्ञान का ही पर्याय है।

1. राष्ट्रीय संस्कृति की हमारे प्रति सबसे बड़ी देन क्या है? **(1)**

   (क) वह हमें अच्छा नागरिक बनाती है।

   (ख) वह हमें देशभक्ति सिखाती है।

   (ग) वह हमें अपने राष्ट्र की परंपरा और रीति-नीति से जोड़े रखती है।

   (घ) वह हमें दुश्मनों से लड़ना सिखाती है।

2. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

   **कथन (A):** भारतीय संस्कृति में त्याग और ग्रहण की अद्भुत क्षमता रही है, जो आज के वैज्ञानिक युग में विदेशी संस्कृति के तत्वों को ग्रहण करने की प्रवृत्ति को दर्शाती है।

   **कारण (R):** विदेशी संस्कृति के अनुकरण से भारतीय संस्कृति की आस्थाएँ डिगने लगी हैं, जो राष्ट्रीय गौरव को ठेस पहुँचा रही हैं।

   **विकल्प:**

   (क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

   (ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

   (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

   (घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

3. अज्ञान का पर्याय क्या है? **(1)**

   (क) अविवेकी संस्कृति

   (ख) अविवेकी संस्कार

   (ग) अविवेकी ज्ञान

   (घ) अविवेकी अनुकरण

4. आधुनिक युग में संस्कृतियों पर परस्पर संघर्ष प्रारंभ होने का प्रमुख कारण बताइए। **(2)**
5. हम अपनी संस्कृति के प्रति शंकालु क्यों हो गए हैं? **(2)**

## खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण

3. निम्नलिखित वाक्यों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **[4]**

   i. बाहर से आए हुए यात्रियों में कुछ शाकाहारी हैं। इस वाक्य में **सर्वनाम पदबंध** क्या है।

SATISH SCIENCE ACADEMY

ii. **<u>उस छत के कोने में बैठा हुआ</u>** व्यक्ति पागल है। रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।

iii. भारत की राजधानी दिल्ली में एक करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। उक्त वाक्य में **संज्ञा पदबंध** छाँटिये।

iv. बातें करने वाले बच्चों में से कुछ पकड़े गए। वाक्य में **सर्वनाम पदबंध** को पहचानिए।

v. **<u>बालक रोता हुआ शनै-शनै</u>** माँ के पास पहुँचा। रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।

4. नीचे लिखे वाक्यों में से **किन्हीं चार** वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : **[4]**

i. लड़कों का एक झुंड पतंग के पीछे-पीछे दौड़ा चला आ रहा था। (मिश्र वाक्य में)

ii. भाई साहब ने उछलकर पतंग की डोर पकड़ ली। (संयुक्त वाक्य में)

iii. ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी, जिसमें खुला चैलेंज दिया गया हो। (सरल वाक्य में)

iv. वह छह मंजिली इमारत की छत थी जिस पर एक पर्णकुटी बनी थी। (सरल वाक्य)

v. कठिन परिश्रम करने के बाद वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो सका। (संयुक्त वाक्य में)

5. निर्देशानुसार **किन्हीं चार** प्रश्नों का उत्तर दीजिए और उपयुक्त समास का नाम भी लिखिए। **[4]**

i. यथाशक्ति (विग्रह कीजिए)

ii. नवग्रह (विग्रह कीजिए)

iii. पीत अम्बर (समस्त पद लिखिए)

iv. कार्य में कुशल (समस्त पद लिखिए)

v. अन्न और जल (समस्त पद लिखिए)

6. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** मुहावरों का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका आशय स्पष्ट हो जाए: **[4]**

i. चेहरा मुरझाना

ii. आँखों से बोलना

iii. काम तमाम कर देना

iv. जान बख्श देना

v. कमर कसना

## खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

7. **Read the text carefully and answer the questions:** **[5]**

मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े, लेकिन केवल तीन दरजे आगे। उन्होंने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैने शुरू किया, लेकिन तालीम जैसे महत्त्व के मामले में वह जल्दबाजी से काम लेना पसन्द न करते थे। इस भवन की बुनियाद खूब मज़बूत डालना चाहते थे, जिस पर आलीशान महल बन सके। एक साल का काम दो साल में करते थे। कभी-कभी तीन साल भी लग जाते थे। बुनियाद ही पुख्ता न हो, तो मकान कैसे पायेदार बने।

मैं छोटा था, वह बड़े थे। मेरी उम्र नौ साल की थी, वह चौदह साल के थे। उन्हें मेरी तम्बीह और निगरानी का पूरा और जन्मसिद्ध अधिकार था और मेरी शालीनता इसी में थी कि उनके हुक्म को कानून समझूँ।

(a) बड़े भाई साहब छोटे भाई से कितने साल बड़े थे?

a) पाँच साल
b) दस साल
c) चार साल
d) सात साल

(b) तालीम जैसे महत्त्व के विषय में भाई साहब के क्या विचार थे?

a) भवन की बुनियादी मजबूती पर ध्यान देना
b) बुनियाद की मजबूती पर आलीशान महल बन सके
c) जल्दबाजी से काम न लेना
d) सभी

(c) बड़े भाई साहब को क्या जन्मसिद्ध अधिकार प्राप्त था?

a) तम्बीह और निगरानी
b) छोटे भाई की निगरानी
c) सभी
d) पूरी तरह से देखभाल करना

SATISH SCIENCE ACADEMY

(d) **तालीम** शब्द का अर्थ बताइए।

a) अशिक्षा
b) शिक्षा
c) सीख
d) सिखाना

(e) कहानी तथा कहानीकार का नाम लिखिए।

a) बड़े भाई साहब, रवीन्द्र केलेकर
b) बड़े भाई साहब, हबीब तनवीर
c) बड़े भाई साहब, लीलाधर मंडलोई
d) बड़े भाई साहब, प्रेमचन्द

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

(a) आशय स्पष्ट कीजिए- आज तो जो कुछ हुआ वह अपूर्व हुआ है। बंगाल के नाम या कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहाँ काम नहीं हो रहा है। वह आज बहुत अंश में धुल गया। **[2]**

(b) **पतझर में टूटी पत्तियाँ** पाठ के अनुसार गांधी जी के व्यावहारिकता के बारे में क्या विचार थे? **[2]**

(c) कारतूस एकांकी के आधार पर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए कि सआदत अली जैसे लोगों ने सदैव देश का अहित ही किया है। **[2]**

(d) **तीसरी कसम** फिल्म को वितरक न मिलने का क्या कारण था? **[2]**

**खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)**

9. **Read the text carefully and answer the questions:** **[5]**

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(a) कवि ने किसकी मृत्यु को सुमृत्यु माना है?

a) परोपकारी मनुष्य की
b) शिक्षित मनुष्य की
c) अमीर मनुष्य की
d) स्वार्थी मनुष्य की

(b) कवि के अनुसार पशु-प्रवृत्ति क्या होती है?

a) केवल अपने लिए जीना
b) देश के लिए जीना
c) इनमें से कोई नहीं
d) दूसरों के लिए जीना

(c) **मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए** पंक्ति का क्या आशय है?

a) जिसकी इच्छाएँ कभी पूरी नहीं होतीं, वह कभी नहीं मरता।
b) जो अपने लिए जीता है, वह कभी नहीं मरता।
c) जो अपना जीवन परोपकार में लगा देता है, वह कभी नहीं मरता।
d) जो पशुओं की भाँति जीता है, वह कभी नहीं मरता।

(d) अमर कौन हो जाता है?

a) परोपकार करने वाला
b) तपस्या करने वाला
c) पशु के समान जीवन जीने वाला
d) राज करने वाला

(e) हमारा मरना और जीना कब व्यर्थ है ?

a) धनी होने पर
b) सुमृत्यु होने पर
c) सुमृत्यु न होने पर
d) निर्धन होने पर

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

SATISH SCIENCE ACADEMY

(a) मीरा ऊँचे-ऊँचे महलों और बीच-बीच में बारी की कल्पना क्यों करती हैं? **[2]**

(b) **पर्वत प्रदेश में पावस** कविता में पर्वत को कौन-सा मानवीय कार्य करते हुए दर्शाया गया है? **[2]**

(c) **कर चले हम फ़िदा** गीत में कवि ने वीरों के प्राण छोड़ते समय का मार्मिक वर्णन किस प्रकार किया है? अपने शब्दों में लिखिए। **[2]**

(d) **आत्मत्राण** कविता हमें किस प्रकार की प्रार्थना की सलाह देती है? **[2]**

**खंड ग - संचयन (पूरक पाठ्यपुस्तक)**

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

(a) **हरिहर काका** कहानी वर्तमान समाज में वरिष्ठ नागरिकों के अकेलेपन और उनके प्रति उपेक्षा की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करती है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए। **[3]**

(b) **सपनों के-से दिन** पाठ के लेखक को नई कक्षा में पुरानी किताबों की गंध उदास कर देती थी, क्यों? **[3]**

(c) आप एक समृद्ध परिवार से हैं लेकिन आपका मित्र बहुत ग़रीब है। उससे दोस्ती निभाते समय आप कौन-सी सावधानियाँ बरतेंगे और क्यों? **टोपी शुक्ला** पाठ के संदर्भ में लिखिए। **[3]**

**खंड घ - रचनात्मक लेखन**

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:** **[5]**

(a) **मेरे जीवन का लक्ष्य** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

- जीवन में लक्ष्य की आवश्यकता
- आपका लक्ष्य क्या है?
- लक्ष्य क्यों हैं?
- बनकर क्या करेंगे?

(b) **अब अबला नहीं सबला है नारी** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

संकेत-बिंदु

- बदलता समय
- किसी से कम नहीं
- नारी के बढ़ते क़दम

(c) **आत्मानुशासन : शिक्षा का आधार** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

- क्या है?
- प्राप्ति के उपाय
- शिक्षा में भूमिका
- सकारात्मक प्रभाव

13. मैट्रो में यात्रा के दौरान आपका मोबाइल फ़ोन चोरी हो गया है। इसकी शिकायत करते हुए थानाध्यक्ष के नाम लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। **[5]**

OR

कुछ साथियों के बहकावे में आकर आपने विद्यालय के हॉस्टल में कोई अशिष्ट आचरण किया जिसकी शिकायत वार्डन ने प्रधानाचार्य को कर दी है। अपनी स्थिति समझा कर क्षमायाचना करते हुए उन्हें प्रार्थना-पत्र लिखिए।

14. आप रमेश चंद्रन/रमा चंद्रन हैं और नगर-निगम के/की महापौर हैं। स्वच्छता अभियान हेतु मोहल्लों के सर्वेक्षण के संबंध में जनसामान्य के लिए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। **[4]**

OR

आप राहुल, बाल भारती स्कूल के हैड ब्वाय हैं। आपके विद्यालय ने एक चैरिटी शो आसपास के गरीब लोगों के लिए रखा है। इसके लिए विद्यार्थियों को सहयोग देने हेतु 25-30 शब्दों में सूचना लिखिए।

15. बच्चों की पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करने हेतु आपके विद्यालय में **पुस्तक बदलो** कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए। **[3]**

OR

SATISH SCIENCE ACADEMY

अपनी पुरानी पुस्तकें गरीब विद्यार्थियों में निःशुल्क वितरण करने के लिए एक विज्ञापन लिखिए।

16. किसी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित लेख पर **आपकी चिट्ठी** स्तंभ में छापने के लिए अपने विचार लगभग 80 शब्दों में संपादक को ई-मेल द्वारा भेजिए। **[5]**

OR

**बुरे कर्मों का फल।** विषय पर एक लघुकथा लिखिए।

SATISH SCIENCE ACADEMY